ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 04 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 167

पृष्ठ 4

FASTAG न होने पर भी टोल टैक्स में राहत

UPI पेमेंट पर अब नहीं देना पड़ेगा डबल चार्ज



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों (NHs) पर FASTAG न होने वाले वाहनों के लिए टोल शुल्क अब डिजिटल भुगतान के जरिए कम होगा. 15 नवंबर 2025 से, यदि वाहन चालक UNIFIED PAYMENT INTERFACE (UPI) के माध्यम से भुगतान करते हैं, तो उन्हें केवल 1.25 गुना टोल शुल्क देना होगा, जबकि कैश भुगतान करने पर शुल्क दोगुना लगेगा.

सरकार ने यह कदम गैर-FASTAG उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने और टोल प्लाजा पर नकद लेनदेन को खत्म करने के उद्देश्य से उठाया है. इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया गया है.

नए नियम के अनुसार, बिना मान्य FASTAG के वाहन चालक अगर कैश में टोल शुल्क चुकाते हैं, तो उन्हें दोगुना शुल्क देना होगा. वहीं, UPI के जरिए भुगतान करने पर केवल 1.25 गुना शुल्क लगेगा. उदाहरण के लिए, यदि वाहन के लिए टोल शुल्क 100 रुपये है, तो कैश में भुगतान करने पर 200 रुपये और UPI के माध्यम से भुगतान करने पर केवल 125 रुपये ही चुकाने होंगे.

मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन टोल संग्रह प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने, राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और लेनदेन में आसानी लाने के उद्देश्य से किया गया है. इससे टोल प्लाजा पर भीड़ कम होगी और भुगतान प्रक्रिया तेज होगी.

इस साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकार ने निजी वाहनों के लिए FASTAG आधारित वार्षिक टोल पास भी शुरू किया था, जिसकी कीमत 3,000 रुपये है. यह पास कार, जीप और वैन के लिए वैध है और 200 टोल यात्राओं या एक वर्ष के लिए उपयोग किया जा सकता है, जो भी पहले पूरा हो. जब यह सीमा पूरी हो जाएगी, तो FASTAG स्वचालित रूप से स्टैंडर्ड पे-पर-ट्रिप मोड में बदल जाएगा.

मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वार्षिक पास केवल निजी पंजीकृत वाहनों के लिए है और वाणिज्यिक वाहनों पर लागू नहीं होता. प्रत्येक टोल प्लाजा पर आने-जाने को अलग-अलग यात्रा माना जाएगा.

इस नए नियम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और उपयोगकर्ताओं को कैश में शुल्क भुगतान करने की तुलना में कम राशि चुकानी होगी. इसके अलावा, टोल संग्रह में पारदर्शिता बढ़ेगी और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा और भी सहज हो जाएगी.

कुल मिलाकर, यह कदम सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है, जो कि नकद लेनदेन को कम करने और तकनीक के माध्यम से यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने पर केंद्रित है. 15 नवंबर से यह नियम प्रभावी होगा और सभी राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजाओं पर लागू किया जाएगा.

नीरव मोदी बोला- भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी:प्रत्यर्पण केस को फिर से ओपन करने के लिए लंदन की कोर्ट में याचिका लगाई



24 न्यूज अपडेट


पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है।

हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 'हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर UK की अदालत पूछेगी तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।'

नीरव पर PNB से 6,498 करोड़ हड़पने का आरोप

नीरव पर पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से 6,498 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप है। नीरव ने सैकड़ों लेटर ऑफ अंडरटेकिंग का दुरुपयोग भी किया है। सभी जांच एजेंसियां इस बात पर एकमत हैं कि उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। नीरव को मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था। अभी वह UK जेल में बंद है और उसे भारत लाने की कार्यवाही अभी पेंडिंग है।

दिल्लीः वर्चुअल कोर्ट सुनवाई में अंडरगार्मेंट पहनकर शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली, 04 अक्टूबर। दिल्ली पुलिस ने उस शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने 16 सितंबर को वर्चुअल कोर्ट सुनवाई में सिर्फ अंडरगार्मेंट पहनकर हिस्सा लिया और शराब-सिगरेट पीते हुए सुनवाई में बाधा डाली। आरोपी ने कोर्ट की बार-बार चेतावनी के बावजूद बाहर जाने से इंकार किया। तीस हजारी कोर्ट के रिकॉर्ड कीपर अंशुल सिंघल की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कई फेक ईमेल आईडी से अपनी लोकेशन बदलता रहा। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने उसे पुराने मुस्तफाबाद के चमन पार्क इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद इमरान (32) के रूप में हुई है, जो गोकुलपुरी का रहने वाला है। पूछताछ में इमरान ने बताया कि उसने WEBEX ऐप के बारे में एक परिचित से सुना और जिज्ञासा के चलते मजाक में यह हरकत की। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड और वाईफाई राउटर बरामद किए, जिनसे वह कोर्ट की सुनवाई में जुड़ता था। पुलिस ने बताया कि इमरान दिल्ली का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, झपटमारी और अन्य अपराध शामिल हैं। वह पहले एसी मैकेनिक का काम करता था और 2021 में जेल से रिहा हुआ था, लेकिन फिर से आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। इमरान ने स्वीकार किया कि वह नशे और शराब का आदी है और चोरी-झपटमारी जैसी वारदातें इसी लत को पूरा करने के लिए करता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने दो जजों को भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त किया

24 न्यूज अपडेट

मुंबई, 04 अक्टूबर। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सतारा के एडीशनल सेशन जज धनंजय निकम और पालघर के सिविल जज सीनियर डिवीजन इरफान शेख को कदाचार और न्यायिक आचरण के अनुरूप व्यवहार न करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया। यह फैसला हाईकोर्ट की अनुशासन समिति की जांच के बाद लिया गया। धनंजय निकम पर रिश्वतखोरी का आरोप है। एसीबी ने उनके खिलाफ 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया था। मामला एक महिला के पिता की हिरासत से जुड़ा था। जांच में पुष्टि हुई कि 3 से 9 दिसंबर 2024 के बीच निकम ने मुंबई के किशोर संभाजी खरात और सतारा के आनंद मोहन खरात के माध्यम से महिला से अनुकूल आदेश के लिए पैसा मांगा। इरफान शेख को NDPS एक्ट के तहत मामलों की सुनवाई के दौरान भ्रष्टाचार करने और जब्त ड्रग्स के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया गया। शेख के खिलाफ हाईकोर्ट में एक याचिका अभी लंबित है।



पोस्ट-ऑफिस टाइम डिपॉजिट अकाउंट में 7.5% तक ब्याजः1 से 5 साल तक के लिए कर सकते हैं निवेश



24 न्यूज अपडेट

सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही (Q3FY26) के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यानी आपको पहले जितना ही ब्याज मिलता रहेगा। अगर आप इन दिनों फिक्स्ड डिपॉजिट कराने का प्लान बना रहे हैं तो तो इससे पहले पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में भी जान लेना चाहिए।

यह एक तरह की FD ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं।

टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 6.9% से 7.5% तक ब्याज दर की पेशकश करता।

इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है

भीण्डर में चाकूबाजी के आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, लड़की भगाने को लेकर हुआ था विवाद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले की भीण्डर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कस्बे में हुई चाकूबाजी की गंभीर घटना के तीनों आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। एसपी उदयपुर योगेश गोयल ने बताया कि गुरुवार को चांदपोल दरवाजा निवासी अर्जुन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके भतीजे दीपक ओड को रावलीपोल पर तीन युवकों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल दीपक को पहले सरकारी अस्पताल भीण्डर में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उदयपुर रैफर कर दिया गया। घटना में शामिल आरोपियों में राहुल ओड, भूरिया ओड और उदेश ओड शामिल थे। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि यह हमला लगभग एक साल पुरानी आपसी दुश्मनी का परिणाम था। मामला एक लड़की को भगाकर लाने से जुड़ा विवाद था, जिसमें घायल दीपक ने पहले अभियुक्तों को पकड़ने में मदद की थी। इसी पुरानी रंजिश के कारण रविवार को जानलेवा हमला हुआ। एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और सीओ वल्लभनगर राजेन्द्र जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी और सूचनाओं का उपयोग करते हुए राहुल कुमार, उदेश्य उर्फ अजय और संजय कुमार उर्फ भूरिया को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस सफल ऑपरेशन में थानाधिकारी पूनाराम गुर्जर के नेतृत्व में एएसआई प्रेमशंकर, हेड कांस्टेबल कानाराम, कांस्टेबल निखिल, बाबूलाल और लोकेश की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

6644 लीटर अवैध पेट्रोल जब्त, पेट्रोल पम्प मशीन और कैम्पर गाड़ी सहित आरोपी फरार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले की डबोक पुलिस ने 6644 लीटर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में एक अवैध पेट्रोल पम्प मशीन, भूमिगत टैंक, कैम्पर गाड़ी और तीन ड्रमों को भी जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर, श्री योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और सहायक पुलिस अधीक्षक वृत मावली, सुश्री आशिमा वासवानी के नेतृत्व में टीम ने 2 अक्टूबर को सालेरा कला गांव स्थित कृषी फार्म में छापेमारी की। इस फार्म में अवैध पेट्रोल पम्प मशीन और भूमिगत टैंक पाए गए, जो चालू स्थिति में थे। मौके पर एक कैम्पर गाड़ी में तीन ड्रम अवैध पेट्रोल से भरे मिले। रात्री के समय आबादी होने के कारण तुरंत टैंक को बाहर निकालना जोखिम भरा था। इसलिए मशीन और कार्यालय को सील कर मौके पर निगरानी लगवाई गई। अगले दिन, 3 अक्टूबर को टीम ने प्रवर्तन अधिकारी, पटवारी, जीएसटी और एचपीसीएल अधिकारियों की उपस्थिति में टैंक और ड्रमों से पेट्रोल निकालकर एफएसएल जांच के लिए सैंपल लिए। इसके बाद खाली टैंकर में पेट्रोल भरकर सुरक्षित किया गया। मौके पर खेत मालिक लक्ष्मणलाल ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन तीन साल की लीज पर गोविंद धूला को दी थी। आरोपी गोविंद धूला इस समय फरार है। पुलिस ने प्रकरण संख्या 213/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और 287 बी.एन.एस. 2023 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान थानाधिकारी हुकम सिंह को सौंपा। टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री आशिमा वासवानी, थानाधिकारी हुकम सिंह, स.उ.नि. शीशराम, लालचंद, सुरेंद्र, विलास और विकास कुमार के साथ रसद विभाग की सृष्टि व्यास, पिंकी भाटी, निशा मूंदड़ा और हिमानी सोलंकी शामिल रहे।

इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजीःसोना 3,692 बढ़कर 1.17 लाख पर पहुंचा, चांदी 7,510 महंगी होकर 1.46 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार पिछले शनिवार यानी 27 सितंबर को सोना 1,13,262 रुपए पर था, जो अब (4 अक्टूबर) को 1,16,954 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,692 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,38,100 रुपए पर थी, जो अब 1,45,610 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 7,510 रुपए बढ़ी है।

संपादकीय : सहयोग का सफर

अमेरिका ने जब अपनी शुल्क नीति की घोषणा की, तो उसका मकसद जितना अपने आर्थिक हित सुनिश्चित करना था, उससे ज्यादा इसे प्रभावित होने वाले देशों पर दबाव बनाने के तौर पर देखा गया। सवाल है कि क्या अमेरिका की ओर से पहले पच्चीस और फिर पचास फीसद तक शुल्क लगाने की घोषणा का कारण यह था कि व्यापार वार्ता में भारत को अपनी शर्तों पर सहमत किया जाए ? यह बेवजह नहीं है भारत ने अमेरिका के इस रवैये के सामने समर्पण करने के बजाय विकल्प की राह तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी और अब इसके नतीजे सामने आने लगे हैं। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को अपनी सरकार को निर्देश दिया कि वह कच्चे तेल के भारी आयात की वजह से भारत के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए तत्काल उपाय करे। अमल के स्तर पर यह फैसला भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाओं की खरीद के स्तर पर सामने आ सकता है। इस वर्ष के आखिर में पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा के मद्देनजर उनके इस निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है। दरअसल, अमेरिका ने न केवल शुल्क नीति की घोषणा की, बल्कि भारत पर दबाव बढ़ाने की मंशा से रूस से तेल आयात करने पर जुर्माना लगाने की भी बात कही। इसका आशय साफ था कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे। इसके पीछे उद्देश्य चाहे जो हो, आज बहुध्रुवीय होते विश्व में इस तरह भारत जैसे एक संप्रभु और वैश्विक साख वाले देश को अपनी शर्तों पर संचालित कर पाना संभव नहीं हो सकता। यह विचित्र है कि अमेरिका ने इस मसले पर सहयोग और साझेदारी को केंद्र में रख कर नए विकल्प निकालने, द्विपक्षीय हित और सम्मान आधारित आर्थिक संबंध पर विचार करने का रास्ता अख्तियार न करके, दबाव की रणनीति का सहारा लिया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के संदर्भ में अमेरिका और नाटो देशों की ओर से रूस को अलग-थलग करने के लिए जो रणनीति अपनाई जा रही थी, भारत ने प्रकारांतर से उसमें शामिल होने या किसी के सामने झुकने से इनकार कर दिया और रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा यों भी तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अमेरिका के हर फैसले को मानने के बजाय भारत के लिए अपने हित को प्राथमिकता देना ज्यादा जरूरी है। जाहिर है, भारत की यह दृढ़ता रूस की नजर में महत्त्वपूर्ण होगी और इसीलिए उसने व्यापार संवलन कायम करने की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से आकार देने की ओर कदम बढ़ाया है। भारत और रूस के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों का एक लंबा दौर रहा है। विकट स्थितियों में भी दोनों देशों के बीच कभी कोई समस्या या तनावपूर्ण स्थिति नहीं आई, जिसमें किसी पक्ष के भीतर संबंधों को लेकर कोई दुविधा हुई हो। बल्कि कूटनीतिक से लेकर सांस्कृतिक या आर्थिक मोर्चे पर दोनों देशों ने एक-दूसरे की प्राथमिकताओं, जरूरत पर आधारित नीतिगत फैसलों की संवेदनशीलता का हमेशा ध्यान रखा और अपनी सीमा के भीतर हर स्तर पर सहयोग किया। अमेरिका की ओर से दबाव बनाए जाने के बावजूद रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर भारत का नहीं डिगना उसी कड़ी का एक हिस्सा है। रूस ने भारत के इस फैसले की अहमियत को समझा है और व्यापार संतुलन के लिए पुतिन के निर्देश को इसका संकेत माना जा सकता है। कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अध्याय शुरू होंगे।

हादसे का सबक

बिहार में पूर्णिया के पास ट्रेन की चपेट में आकर चार किशोरों की मौत की घटना ने एक बार फिर से यह रेखांकित किया है कि जोखिम वाली संवेदनशील जगहों पर बरती जाने वाली लापरवाही कैसे एक बड़े हादसे का कारण बन सकती है। खबरों के मुताबिक, पूर्णिया और कस्बा रेलवे स्टेशनों के बीच एक स्थान पर पांच किशोर जोगवनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। उनमें से चार की मौत हो गई और एक बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना को भले ही एक हादसे के तौर पर ही देखा जाएगा, लेकिन इस क्रम में एक बार फिर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि तेज रफ्तार ट्रेनों की आवाजाही के रास्ते पर बहुत मामूली असावधानी भी नाहक जान जाने की वजह बन सकती है। हालांकि इस घटना के संबंध में आई खबरों में रेलवे के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि हादसे के वक्त पांचों किशोर रेलवे की पटरी पार कर रहे थे। इसी क्रम में वे तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हालांकि इस हादसे की जांच के बाद ही पूरे तथ्य सामने आएंगे, लेकिन पटरी पार करने के क्रम में हादसा होने को लेकर तथ्य की पुष्टि होती है, तो आज यह एक दुखद सच्चाई बन चुकी है। दरअसल, लापरवाही की यह प्रवृत्ति हादसे से आगे एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। जबकि ट्रेन की पटरियों को पार करते हुए थोड़ी-सी चूक का नतीजा क्या हो सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें रेलवे के फाटक बंद होने के बावजूद पटरी पार करने वाले व्यक्ति को यह पता होता है कि ट्रेन आने वाली है, फिर भी वह कुछ पलों का धीरज नहीं रख पाता है। जबकि ट्रेन कोई ऐसा वाहन नहीं है कि किसी पर नजर पड़ने के बाद तुरंत रुक सके। पूर्णिया की यह घटना एक तरह से सभी के लिए सबक है। कि ट्रेनों के गुजरने के रास्तों के आसपास किसी भी स्तर की लापरवाही न बरती जाए। खासतौर पर पटरी को पार करते समय हर स्तर पर निश्चिंत हो जाने की जरूरत है। कि किसी तरफ से कोई ट्रेन नहीं आ रही है।


देवगढ़ में मेले के दौरान चाकूबाजी: एक युवक की मौत, तीन घायल, ग्रामीणों में आक्रोश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, राजसमंद। जिले के देवगढ़ कस्बे में शुक्रवार रात श्री करणी माता सांस्कृतिक एवं दशहरा मेले के दौरान दो पक्षों में हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी झड़प में बदल गया। चाकूबाजी की इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कस्बे में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर एकत्र होकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद माहौल शांत हुआ। रात करीब 10:30 बजे भड़का विवाद जानकारी के अनुसार, श्री करणी माता मेला ग्राउंड में रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच दो गुटों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक युवक ने तोड़ा दम एमबी अस्पताल में इलाज के दौरान 26 वर्षीय मानसिंह पुत्र किशन सिंह रावत निवासी छोटी स्वादड़ी की मौत हो गई। अन्य घायलों में महेंद्रसिंह (20) पुत्र गोविंदसिंह रावत निवासी छोटी स्वादड़ी, गणपतसिंह रावत निवासी छोटी स्वादड़ी और रेवंतसिंह पुत्र धन्नासिंह निवासी टेगी (जीरण पंचायत) शामिल हैं, जिनका उपचार जारी है। पुरानी रंजिश से जुड़ा मामला होने की आशंका देवगढ़ थाना प्रभारी संगीता बंजारा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों गुटों के बीच पहले से रंजिश थी, जिसके चलते यह झगड़ा हुआ माना जा रहा है। थाने के बाहर ग्रामीणों का जमावड़ा युवक की मौत की खबर फैलते ही आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में देवगढ़ थाने के बाहर जमा हो गए और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

गोगुंदा हाईवे पर लगातार दूसरे दिन भीषण सड़क हादसा: इनोवा की टक्कर से बाइक सवार युवक-युवती गंभीर घायल, NRI भी चपेट में



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गोगुंदा हाईवे पर शिवम हॉस्पिटल के समीप एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तेज रफ्तार इनोवा कार ने एक बाइक सवार युवक और युवती को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बाइक को लगभग 20 मीटर तक घसीटते हुए सड़क किनारे बनी एक चाय की थड़ी में जा घुसी।

रॉन्ग साइड से आ रही कार को बचाने की कोशिश

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब इनोवा चालक एक यू-टर्न पर रॉन्ग साइड से आ रही दूसरी कार को टालने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

घायल युवक-युवती ओडा गांव के निवासी

हादसे में बाइक सवार युवक और युवती दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी पहचान झाड़ोल क्षेत्र के ओडा गांव के निवासी के रूप में की गई है। शिवम हॉस्पिटल की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल गोगुंदा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इनोवा में सवार तीन NRI सहित चालक भी घायल हादसे के समय इनोवा कार में सवार तीन विदेशी NRI नागरिकों और चालक को भी चोटें आई हैं, जिन्हें निजी वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाया गया। सभी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही गोगुंदा पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

लगातार दूसरे दिन हादसा

गौरतलब है कि गोगुंदा हाईवे पर यह लगातार दूसरा दिन है जब भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

ढाई से तीन करोड़ का सोना पहनकर बांसवाड़ा पहुंचे पंजाबी सिंगर गोल्डकिंग बलजीत सिंह

24 न्यूज अपडेट



बांसवाड़ा, 04 अक्टूबर। पंजाबी सिंगर और सोशल मीडिया स्टार गोल्डकिंग बलजीत सिंह शनिवार को ढाई किलो सोना पहनकर बांसवाड़ा पहुंचे। उनके गले और शरीर पर कुल सोने की कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें सोना पहनकर घूमने का शौक है और वे इसे पूरा करते हैं। गोल्डकिंग ने बताया कि उनका संगीत करियर "हर हर मोदी-घर घर मोदी" गाने के बाद काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद उन्हें अपनी अलग पहचान मिली और लोग अब उन्हें अच्छी तरह जानने लगे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वे 45 दिनों तक साधारण रूप में महाकुंभ में रहे और इस दौरान किसी को भनक तक नहीं लगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ की और कहा कि सिख समुदाय के लिए उनके कार्य सराहनीय हैं। बचपन से ही उनका गाने का शौक रहा है और वे अपने पैशन को फॉलो कर रहे हैं। गोल्डकिंग आज शाम 7 बजे रतलाम मार्ग स्थित गणगौर वाटिका में होने वाले गरबा कार्यक्रम में परफॉर्म करेंगे।

उदयपुर में पर्यटकों की सुरक्षा में बड़ा कदम

3 हजार ऑटो पर लगें चालक का नाम-नंबर-हेल्पलाइन लिखे स्टीकर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर शहर में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से बड़ा कदम उठाया गया गया है। करीब 3 हजार ऑटो पर शनिवार से विशेष स्टीकर लगाए जा रहे है। इन पर ऑटो का नंबर, मालिक का नाम, चालक का नाम और फोन नंबर लिखा होगा, ताकि पर्यटक सुरक्षित रह सकें और जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क कर सकें। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि शहर देशी-विदेशीपर्यटकों का प्रमुख आकर्षण केंद्र है। संकरी सड़कें व ढलान होने के कारण अधिकतर लोग ऑटो से ही भ्रमण करते हैं। स्टीकर में हेल्पलाइन नंबर भी लिखे हुए है। यह स्टीकर प्रत्येक ऑटो की विंड स्क्रीन पर सामने और अंदर की तरफ लगाया जा रहा है। शुभारंभ शनिवार को यातायात कार्यालय, देहलीगेट से हुआ जिसमे कार्यक्रम में शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल,भाजपा नेता अतुल चंडालिया सहित ऑटो यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए । स्टीकर लगाने का काम 15 दिन तक चलेगा। जिन ऑटो स्वामियों ने विवरण नहीं दिया, उन्हें तुरंत जमा करना होगा। पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। इसी अवसर पर यातायात कर्मियों को हेलमेट भी वितरित किए गए।

अग्निवीर बनने की मन्नत पूरी, चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में चांदी की AK-47 भेंट



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 4 अक्टूबर। उदयपुर के मेनार गांव के अजय मेनारिया ने अपनी अग्निवीर भर्ती में चयन होने पर चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में 327 ग्राम चांदी से बनी डिजाइनर AK-47 राइफल भेंट की। अजय ने यह मन्नत मांगी थी कि अगर अग्निवीर भर्ती में चयन हो गया तो कोई खास भेंट सांवलिया सेठ के दरबार में चढ़ाई जाएगी। अजय ने बताया कि अप्रैल 2023 में उन्होंने अग्निवीर भर्ती परीक्षा दी थी। इसके बाद जुलाई 2023 में रिजल्ट आया और उनका चयन हो गया। इसी साल रनिंग टेस्ट भी पास किया और सितंबर 2023 में मेरिट लिस्ट जारी हुई। नवंबर 2023 से जून 2024 तक ट्रेनिंग पूरी की। ट्रेनिंग समाप्त होने के बाद उनकी पोस्टिंग दिल्ली में हुई। इस बार छुट्टी मिलते ही अजय अपने परिवार और दो दोस्तों, तरण मेनारिया और भरत मेनारिया के साथ गांव लौटे और सांवलिया सेठ के दरबार में भेंट चढ़ाई। अजय ने कहा कि बीएससी करने के बाद उन्होंने जीवन में कुछ अलग करने का निश्चय किया और एडवेंचर और अनुशासन के प्रति रुचि होने के कारण सेना में जाने का सपना देखा। अग्निवीर योजना के तहत भर्ती की तैयारी के दौरान उन्होंने दिल से सांवलिया सेठ से प्रार्थना की कि सिलेक्शन होने पर कोई खास भेंट लेकर आएंगे। अजय की भेंट की गई चांदी की राइफल कलात्मक और सुंदर ढंग से तैयार की गई है। यह अनोखी भेंट मंदिर में उपस्थित लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रही।



समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

कफ सिरप पर केंद्र की बड़ी चेतावनीः दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी की दवा न दें, मध्यप्रदेश-राजस्थान में 11 बच्चों की मौत के बाद हेल्थ एडवाइजरी जारी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देशभर में एक अहम स्वास्थ्य परामर्श (Health Advisory) जारी करते हुए दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को कफ सिरप या खांसी-जुकाम की दवाएं न देने की सलाह दी है। यह कदम मध्यप्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से जुड़े 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच में सिरप में कोई जहरीला रसायन नहीं मिला। मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले महानिदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं (DGHS) ने कहा कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देने से बचना चाहिए। यदि बड़े बच्चों को यह दवा दी जाए, तो उन्हें कड़ी चिकित्सकीय निगरानी में और सीमित अवधि के लिए ही दवा दी जानी चाहिए। DGHS की डॉ. सुनीता शर्मा द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी स्वास्थ्य संस्थान, क्लिनिक और चिकित्सा केंद्र सिर्फ प्रमाणित कंपनियों की फार्मास्युटिकल-ग्रेड दवाएं ही खरीदें और उपयोग करें। यह दिशा-निर्देश देशभर के सरकारी अस्पतालों, जिला चिकित्सा केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल स्टोर्स में लागू होंगे। सिरप के नमूनों में खतरनाक केमिकल नहीं मिला मंत्रालय ने बताया कि मध्यप्रदेश और राजस्थान में हुई मौतों की जांच में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले रसायन नहीं पाए गए। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (NCDC), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV), और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO)** ने संयुक्त रूप से सिरप, खून और अन्य सैंपल की जांच की। इसके अलावा NIV, पुणे ने एक मामले में लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमण की पुष्टि की है। तमिलनाडु सरकार की त्वरित कार्रवाई मध्यप्रदेश से सूचना मिलने के बाद तमिलनाडु सरकार ने 24 घंटे में जांच पूरी कर ली। वहां कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर SR-13) में 48.6% डाइएथिलीन ग्लाइकॉल (DEG) पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके बाद तमिलनाडु में इस सिरप के निर्माण और बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया। राज्य में थोक और खुदरा स्टॉक जब्त कर सील किए गए हैं।

उदयपुर पुलिस का ऑपरेशन क्लीनः एक ही दिन में 411 बदमाश गिरफ्तार

वाँछित अपराधियों की धरपकड़ और एरिया डोमिनेंस अभियान में बड़ी कामयाबी, 907 से अधिक ठिकानों पर दी गई दबिश



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 4 अक्टूबर। उदयपुर पुलिस ने शनिवार अलसुबह को चलाए गए विशेष एरिया डोमिनेंस अभियान में 411 अपराधियों/आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस व्यापक कार्रवाई में जिले भर में 907 से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ था।

आईजी उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव एवं एसपी योगेश गोयल के निर्देशन में अल सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं अंजना सुखवाल और जिले के समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन और प्रत्येक थाना अधिकारियों के नेतृत्व में 107 से अधिक टीमों का गठन कर करीब 477 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने सबसे पहले स्थाई और गिरफ्तारी वारंटों में वांछित अपराधियों पर शिकंजा कसा। इस कार्रवाई में कुल 50 स्थाई वारंटी और 16 गिरफ्तारी वारंट का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त जघन्य अपराधों में वांछित 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें हत्या के प्रयास के 9 मामलों में लूट के 3 मामलों में और एनडीपीएस एक्ट के 3 मामलों में वांछित अपराधी शामिल थे। इस तरह पुलिस ने कुल 98 वाँछित अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने 280 अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की, जिन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170, 172 और 129 के तहत पाबंद किया गया। यह कार्रवाई भविष्य में अपराध करने से रोकने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। साथ ही सामान्य प्रकरणों में वांछित 11 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया।

स्थानीय माइनर एक्ट के तहत भी बड़ी संख्या में प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कुल 25 प्रकरण दर्ज कर 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं अवैध हथियारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आर्म्स एक्ट के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 9 व्यक्तियों को अन्य अधिनियमों (जिनमें 6 परिवहन और 3 धूम्रपान के मामले शामिल हैं) के तहत गिरफ्तार किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध यह सख्त कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अपराध व अपराधियों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

राज्य सरकार ने 28 कार्मिकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी, दो राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी निलंबित

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 04 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थान सरकार सरकारी काम-काज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। डीआईपीआर की ओर से जारी एक सरकारी खबर में बताया गया कि इसी क्रम में कुल 15 प्रकरणों में 28 कार्मिकों के विरुद्ध विभिन्न अनुशासनात्मक कार्रवाई की स्वीकृति दी गई है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को रिश्वत लेने और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले उपखंड अधिकारी और तहसीलदार के खिलाफ अधिकारियों के वर्गीकरण नियम, 1958 के तहत आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्रवाई की मंजूरी दी गई। सेवा में लगातार अनुपस्थिति और लापरवाही दिखाने वाले एक कार्मिक को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की सिफारिश भी अनुमोदित की गई। तीन प्रकरणों में कुल 13 अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई। भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए अधिकारियों की पेंशन रोकने का निर्णय लिया गया है। दो मामलों में दोषसिद्ध अधिकारियों की पूर्ण पेंशन रोक दी गई, जबकि तीन अन्य प्रकरणों में पांच अधिकारियों की समानुपातिक पेंशन राशि रोकी गई। सेवानिवृत्ति के बाद आरोप प्रमाणित पाए जाने पर एक प्रकरण राज्यपाल को अनुमोदन के लिए भेजा गया। नियम 17-सीसीए के तहत क्षेत्राधिकार से बाहर कार्यवाही करने वाले एक प्राचार्य को दंडित किया गया। इसके अलावा, राजस्थान पुलिस सेवा के एक अधिकारी की पुनरावलोकन याचिका खारिज करते हुए पहले का दंड यथावत रखा गया।

मादक पदार्थ तस्करों पर झालावाड़ पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक

जयपुर सप्लाई की थी योजना, 1.60 करोड़ की 790 ग्राम स्मैक सहित 4 आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख कैश भी जब्त



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 4 अक्टूबर। संगठित अपराधों और अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ झालावाड़ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झालावाड़ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1 करोड़ 60 लाख कीमत की 790 ग्राम स्मैक बरामद की है। इस कार्रवाई में चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और मादक पदार्थ की खरीद के लिए रखे गए 10 लाख रुपये नकद और परिवहन में इस्तेमाल की गई एक कार भी जब्त की गई है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत झालावाड़ जिले की सातवीं बड़ी कार्रवाई यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा एवं सीईओ सुनील कुमार के सुपरविजन में पिड़ावा पुलिस थाने की टीम और जिला स्पेशल टीम के संयुक्त प्रयास से अंजाम दी गई।

शुक्रवार को बांसखेड़ी-ढाबलभोज के बीच गश्त के दौरान सफेद रंग की कार संदिग्ध लगने पर रोकी गई। तलाशी लेने पर 790 ग्राम स्मैक और खरीद के लिए रखे गए 10 लाख नकद बरामद हुए। इस पर टीम ने कार सवार चार आरोपियों मोहम्मद अनीस उर्फ बंटी (38), शादाब खान (27), मोहम्मद मजहर (22) और आरीश खान (19) निवासी पिड़ावा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 30 के तहत की गई है। यह धारा वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी की तैयारी करने के षडयंत्र पर दंड का प्रावधान करती है। जिले में यह धारा 30 के तहत सातवीं बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले कामखेड़ा, झालरापाटन, डग और कोतवाली थानों में भी ऐसी कार्रवाई की जा चुकी है। जयपुर सप्लाई की योजना प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह स्मैक आलोट (मध्य प्रदेश) से खरीदकर जयपुर ले जा रहे थे। पुलिस अब इस बड़े नेटवर्क में शामिल अन्य तस्करों और खपत के स्थानों का पता लगाने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

इस सफल ऑपरेशन में जिला स्पेशल टीम के प्रभारी सुरेन्द्र गुर्जर और थाना पिड़ावा एसएचओ रामकरण के नेतृत्व में दोनों टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से पिड़ावा थाने के हेड कांस्टेबल निरंजन और डीएसटी के कांस्टेबल राजेश की विशेष भूमिका रही।

62वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप जयपुर में संपन्न



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 4 अक्टूबर। उत्तर पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 62वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप 2025-26 का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक साइक्लिंग वेलोड्रोम, सवाई मानसिंह स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों के लगभग 70 साइक्लिस्टों ने अपने कौशल और ताकत का प्रदर्शन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ साइक्लिस्ट का पुरस्कार पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रोनाल्डो सिंह को दिया गया। 15 किलोमीटर स्ट्रेच रेस में उत्तर रेलवे के मुकेश कुमार कस्वां ने रजत पदक जीता। 1 किलोमीटर टाइम ट्रायल में रोनाल्डो सिंह, 4 किलोमीटर इंडिविजुअल परस्यूट में मंजीत कुमार, स्प्रिंट में इसोव, 20 किलोमीटर पॉइंट रेस में उत्तर रेलवे के विश्वजीत सिंह, केरीन रेस में रोनाल्डो सिंह, टीम स्प्रिंट में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और 4 किलोमीटर टीम परस्यूट में दक्षिण पश्चिम रेलवे ने स्वर्ण पदक हासिल किया। समापन समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने विजेताओं और टीमों को प्रशस्ति पत्र, पदक और नकद पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि साइक्लिंग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और साहस का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे खेल के माध्यम से न केवल भारतीय रेलवे का, बल्कि देश का नाम भी रोशन करेंगे। महाप्रबंधक ने इस चैम्पियनशिप के सफल आयोजन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन को भी नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर शिवेंद्र मोहन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. के. कृष्ण कुमार, उप महाप्रबंधक शशांक, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव अनुज तायल, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रवीण और ओएसडी स्पोर्ट्स जितेंद्र कुमार सहित प्रतिभागी खिलाड़ी और आयोजन समिति के अधिकारी उपस्थित रहे।

जयपुर में रावण की तीये की बैठक, अस्थियों नेपाल में विसर्जित की जाएगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जयपुर में प्रताप नगर सेक्टर-8 व्यापार मंडल की ओर से एमराल्ड गार्डन में रावण की तीये की बैठक आयोजित की गई। इस अनोखे आयोजन में दशहरा मेला समिति प्रताप नगर और सेक्टर-8 व्यापार मंडल के सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद अब रावण की अस्थियों का विसर्जन और पगड़ी रस्म आयोजित की जाएगी। प्रताप नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने बताया कि यह परंपरा भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर अपनी अनोखी मान्यता रखती है। रावण दहन के बाद सभी क्रियाएं – दाह संस्कार, अस्थि विसर्जन, तीये की बैठक और ब्रह्मभोज – हर साल समिति की ओर से विधिपूर्वक निभाई जाती हैं। तीये की बैठक के दौरान व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद रहे और रावण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राजेंद्र पटेल ने बताया कि बैठक के बाद राख का दल पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन करेगा और फिर नेपाल के काठमांडू स्थित बागमती नदी में अस्थियों का विसर्जन करेगा। इस दौरान रावण के मोक्ष की प्रार्थना की जाएगी, ताकि समाज में बुराइयों का नाश हो सके। प्रताप नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा, "जैसे किसी व्यक्ति के दाह संस्कार के बाद अस्थि विसर्जन जरूरी होता है, वैसे ही रावण दहन की राख को पवित्र नदियों में विसर्जित करना चाहिए। आम तौर पर लोग राख सड़क या कचरे में छोड़ देते हैं, लेकिन हमारी परंपरा में इसे हर साल विधिपूर्वक किया जाता है।" इस वर्ष 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर रावण दहन किया गया था। 4 अक्टूबर को सुबह 9 से 10 बजे के बीच हुई तीये की बैठक में प्रतापनगर के जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल सदस्य और नागरिक मौजूद रहे। बैठक के बाद 7 लोगों का दल राख लेकर अयोध्या दर्शन और नेपाल के विसर्जन के लिए रवाना हुआ। दल में रामस्वरूप यादव, ओमप्रकाश शर्मा, राधा गोविंद अग्रवाल, लोकेश सैन, राजेश जैन, राजेंद्र सोनी और गणेश नारायण सहित अन्य शामिल थे। राजेंद्र पटेल ने बताया कि नेपाल में विसर्जन के बाद 13 अक्टूबर को प्रतापनगर में पगड़ी दस्तूर और ब्रह्मभोज आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतापनगर-सांगानेर क्षेत्र के नागरिक एकत्र होंगे और राजेश जैन को पगड़ी पहनाई जाएगी। ब्रह्मभोज में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

श्री रामेश्वर भक्त मंडल 61 सदस्यां का जत्था श्री रोकिड़या हनुमानजी मंदिर के लिए रवाना



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के श्री रामेश्वर भक्त मंडल के 61 सदस्यो का जत्था शनिवार प्रातः श्री रोकडीया हनुमानजी मंदिर प्रतापगढ़ के लिए रवाना हुआ। जत्था श्री प्रभुदास धाम रामद्वारा के मुख्य संरक्षक महंत संत उदयरामजी के सानिध्य मे रवाना हुआ। मंडल अध्यक्ष राजेश भोई ने बताया की दो बस में प्रस्थान करने वाला मंडल अपना 94 वां पाठ मंदिर प्रांगण मे जाकर करेगा ।उन्होंनेबताया कि मंडल का एकमात्र उद्देश्य सनातन धर्म की पताका को गांव गांव ,घर-घर तक लहराना हे । मंडल संरक्षक मुकेश भोई ने मंडल के इस आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की आवागमन हेतु बस सुविधा अशोक पिता नानुलाल भोई एवं भोजन प्रसादी मंडल अध्यक्ष राजेश पिता हरीश भोई द्वारा की गई । इस आयोजन का लाभ लेने हेतु समाज के वरीष्ठ सलाहकार लालशंकर भोई ,रमेश भोई, अजय भोई, प्रितम, रोनक असावरा, चिराग, भुपेन,जय,नयन,रघुवीर, नरेश सेवक, राकेश भावसार,सुरेश सुथार,लक्ष्मीनारण सुथार,चिराग सोमपुरा,मयंक, विस्मय,भव्य, दिलीप, दिव्यराज ,हीमांशु,आयुष एवं मातृशक्ती से संध्या भोई,अनिता,शोभा अहारी,लक्ष्मी डेंडोर,बबली बाई,मंगु बाई,नानी बाई ,गटी बाई, बसंती भोई,सुमित्रा भोई,पुष्पा भोई,संगीता,रेखा भोई,भावना,तमन्ना,निशा, पुजा आचार्य, सलोनी असावरा, मंदाकीनी, रेखा भोई,शांता सुथार, जोशना सुथार, पुष्पा देवी, पिंकी भोई, प्रिंसी चौबीसा, रेखा सेवक,जागृति सोमपुरा ने प्रस्थान कीया ।

उदयपुर शहर में जल्द ही हर सड़क पर सीसीटीवी, मगर फुटेज मांगे जाने पर जनता को नहीं देंगे तो उसका फायदा क्या?



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर विधायक ताराचंद जैन ने शनिवार को ऑटो चालकों की पहचान और पर्यटक सुरक्षा के लिए शुरू किए गए स्टीकर अभियान के दौरान यह ऐलान किया कि पूरे शहर में जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उनका उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना और शहर को सुरक्षित बनाना है।

लेकिन सवाल उठता है कि जब थानों में पहले से लगे सीसीटीवी कैमरे जनता और पीड़ितों के लिए काम नहीं कर रहे, तो नए कैमरों का क्या फायदा होगा। उदयपुर के थानों में लगे कैमरों के फुटेज आमजन या पीड़ितों को उपलब्ध नहीं कराए जाते। पुलिस बार-बार बहाने बनाती हैकृकभी कहती है कि सूचना देने से थाने की गोपनीयता भंग होगी, कभी आरटीआई का जवाब अस्वीकार कर देती है, कभी डीवीआर खराब होने का बहाना और कभी कहती है कि फुटेज की अवधि पार हो गई। हद तो यह है कि इस मुद्दे पर की गई आरटीआई की एक भी अपील की अब तक एसपी ने सुनवाई नहीं की है। ऐसे में राज्य आयोग के पाए अपील करनी पड़ती है। वहां से अपील के बाद जब आदेश आता है तब यहां से दो टूक मनमाना बहाना बना दिया जाता है।

यह स्थिति तब है जबकि सभी सीसीटीवी जनता के टेक्स के पैसों से लगाए गए हैं, यहां तक कि अभय कमांड के कैमरे भी जनता के पैसे से ही स्थापित हैं। बावजूद इसके, चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के तुरंत बाद फुटेज मिलना तो दूर, घंटों-घंटों तक पीड़ितों को चक्कर लगाना पड़ता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि सिटीवाइड सीसीटीवी योजना का असली लाभ तभी मिलेगा, जब फुटेज मांगने पर तुरंत उपलब्ध हो और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सुरक्षित सर्वर पर स्टोर हो। सुप्रीम कोर्ट ने भी थानों में हुई मौतों और घटनाओं के बाद यह साफ कहा है कि राजस्थान सरकार को कैमरा फुटेज संरक्षित करने की पूरी व्यवस्था रिपोर्ट के माध्यम से कोर्ट को प्रस्तुत करनी होगी। विधायक जैन ने नए सीसीटीवी कैमरों की पहल की है वह शानदार है मगर इसके साथ यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फुटेज रियल-टाइम में सुरक्षित सर्वर पर स्टोर हो और जनता के कानूनी अधिकारों के लिए उपलब्ध रहे। विधायक ने पर्यटक सुरक्षा के लिए ऑटो चालकों पर स्टीकर लगाने, उनका वेरिफिकेशन और ड्रेस कोड लागू करने की पहल भी शुरू की। यह अभियान 15 दिनों में पूरे शहर के 3,000 ऑटो पर लागू किया जाएगा।

उदयपुर में 69वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता, 37 जिलों के 1050 निशानेबाजों ने साधा लक्ष्य



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अक्टूबर। राजस्थान की 69वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन उदयपुर के खेल गांव स्थित शूटिंग रेंज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में राज्य के 37 जिलों से 1050 से अधिक प्रतिभागी निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। इनमें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। प्रतियोगिता के चीफ रेंज ऑफिसर ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 9 बजे तक मुकाबले जारी हैं, जिनमें रोजाना करीब 175 से 200 बच्चे अपनी निशानेबाजी का कौशल दिखा रहे हैं। बच्चों की आँखों में झलकती एकाग्रता और लक्ष्य पर अडिग निशाना इस बात का संकेत है कि इन्हीं में से भविष्य में देश की रक्षा और सुरक्षा करने वाले वीर जवान तैयार होंगे। मीडिया प्रवक्ता देव रावत ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं की निगरानी में जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती, एडीओ मोहनलाल मेघवाल, स्थानीय पर्यवेक्षक भीमराज मीणा, बीकानेर निदेशालय से पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार नागदा और प्रतियोगिता संयोजक गोवर्धन सिंह झाला सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बाहर से आए प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उदयपुर शिक्षा विभाग की टीम "रॉकिंग वर्कर" साबित हुई है। भोजन, आवास और शूटिंग रेंज की व्यवस्था को बेहतरीन बताया गया। खिलाड़ियों ने यह भी कहा कि प्रतियोगिता स्थल और आवास स्थल के बीच मात्र 500 मीटर की दूरी होने से उन्हें काफी सुविधा मिली है।

युडीए की नई आवासीय योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन 7 से, स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबरसिंह खर्रा करेंगे शुभारंभ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अक्टूबर। शहर के सन्तुलित विकास एवं आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति एवं नागरिकों को व्यवस्थित रूप से आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य एवं राज्य सरकार का "हमारा प्रयास, सबको आवास" योजना के तहत आमजन को दिपावली पर्व पर सौगात के रूप में उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय योजना में लॉटरी द्वारा भूखण्ड आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना का शुभारंभ 7 अक्टूबर को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबरसिंह खर्रा के आतिथ्य में होगा। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण की तीन योजनाओं यथा साउथ एक्सटेंशन सेक्टर ए (राजस्व ग्राम सवीना खेडा), उद्यम विहार (राजस्व ग्राम कलडवास) एवं नान्देश्वर एनक्लेव (राजस्व ग्राम नोहरा) में कुल 1109 भू-खण्डों के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर से किए जा सकेंगे। इसमें विभिन्न श्रेणीयों यथा आर्थिक रूप से कमजोर (इडब्ल्यूएस) के 291 भूखण्ड, निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के 97 भूखण्ड, मध्यम आय वर्ग - ए एवं बी (एमआईजी- ए एवं बी) के 575 भूखण्ड एवं उच्च आय वर्ग (एचआईजी) के 146 भूखण्डों की लॉटरी की जाएगी। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उदयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। श्री जैन ने बताया कि योजनाओं का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवासन, स्वायत शासन विभाग मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 7 अक्टूबर को सामुदायिक भवन दक्षिणी विस्तार योजना नवीन, कृषि मंडी के पास बलीचा उदयपुर से किया जाएगा। साथ ही भुवाणा चौराहा से प्रताप नगर चौराहे तक डेकोरेटिव पोल, स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण भी मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 6 अक्टूबर को शाम 6:30 बजेमहिला थाना, 100 फीट सड़क फिट सडक के सामने स्थित फ्लाई ओवर से कियाजाएगा।

लद्दाख सहित देश की विविध विरासत को दर्शाती छायाचित्र प्रदर्शनी शुरू

लद्दाख की हिमाच्छादित पर्वत श्रेणियां, शेखावाटी की हवेलियां और गुजरात की स्थापत्य कला का जीवंत चित्रण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अक्टूबर। गुजरात गौरव पुरस्कार से सम्मानित ख्यात छायाकार दिनेश पंचोली की चार दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी शनिवार को अंबामाता स्कीम स्थित टखमण आर्ट गैलरी में आरंभ हुई। यह प्रदर्शनी गुजरात ललित कला अकादमी के सहयोग से आयोजित की गई है। उद्घाटन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कोठारी, इंदौर के वरिष्ठ छायाकार कैलाश सोनी, टखमण सचिव संदीप पालीवाल और फोटो जर्नलिस्ट राकेश शर्मा 'राजदीप' ने दीप प्रज्वलित कर किया। उल्लेखनीय है कि पंचोली की यह दसवीं एकल प्रदर्शनी है, जिसमें उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों की यात्राओं के दौरान कैमरे में समेटे गए 50 से अधिक चुनिंदा छायाचित्र प्रदर्शित किए हैं। इनमें लद्दाख की हिमाच्छादित पर्वत श्रेणियां, शांत झीलें, शेखावाटी की हवेलियों के भित्तिचित्र और गुजरात के प्राचीन स्मारकों की स्थापत्य कला के जीवंत दृश्य कला रसिकों को आकर्षित करते हैं। वरिष्ठ चित्रकार डॉ. रघुनाथ सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल फोटोग्राफी प्रेमियों बल्कि कलाकारों और आमजन को भी भारत की सांस्कृतिक विरासत की सौंदर्यपूर्ण यात्रा से साक्षात्कार कराती है। इस अवसर पर युगल किशोर शर्मा, ललित शर्मा, सी पी चौधरी, सुरेश पालीवाल, देवेन्द्र श्रीमाली, लोकेश तलेसरा, ममता मेहता सहित कई अन्य उपस्थित थे। यह प्रदर्शनी 6 अक्टूबर तक निःशुल्क देखी जा सकती है।

सलूंबर में एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका, लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का किया विरोध

24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर में 30 सितंबर को आरएसएस संगठन द्वारा आयोजित शताब्दी दिवस कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई ने सलूंबर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित हाड़ा रानी पीजी कॉलेज के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह बस्सी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला दहन किया।



इस दौरान एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शिक्षा के मंदिर में आरएसएस जैसी विचारधारा का प्रचार-प्रसार अस्वीकार्य है। शांतिपूर्ण विरोध करने पर पुलिस बल का प्रयोग कर एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत कई नेताओं को गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और सरकार का रवैया अलोकतांत्रिक है। इस मौके पर एडवोकेट जयपाल सिंह, विकास खटीक, मोहित सालवी, विष्णु, धीरज जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

50वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप : राजस्थान ने गोवा को 84-8 से हराया, उदयपुर की तीन बालिकाएं टीम में



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित 50वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालिका वर्ग) के उद्घाटन सत्र में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोवा को 84-8 के विशाल अंतर से पराजित कर अगले दौर में जगह बना ली। उदयपुर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि यह प्रतियोगिता 4 से 11 अक्टूबर 2025 तक देहरादून में आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतहपुरा, उदयपुर की तीन बालिकाएं — कृष्णा चौधरी, हिमांशी डुंगरपुरिया और ध्रुविका दमानी — राजस्थान राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इन तीनों खिलाड़ियों ने पिछले माह सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नेशनल गोल्ड मेडल जीतकर उदयपुर और राजस्थान का नाम रोशन किया था। उदयपुर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव महेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इन तीनों बालिकाओं का चयन जून माह में हनुमानगढ़ जिले में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि यह उदयपुर संभाग के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी लंबे समय से उदयपुर जिले की विजेता टीम की प्रमुख सदस्य रही हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

उदयपुर की प्रियांशी चौधरी का राजस्थान U–19 महिला क्रिकेट टीम में चयन




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 04 अक्टूबर। उदयपुर की उभरती ऑलराउंडर प्रियांशी चौधरी का चयन राजस्थान की 19 वर्ष की महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। उनका चयन हाल में सम्पन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और चैलेंजर ट्रॉफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता रजनीश शर्मा ने बताया कि प्रियांशी इससे पहले राजस्थान अंडर-15 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और टीम के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान में उन्होंने सिक्योर मीटर ट्रॉफी में विनय क्रिकेट क्लब से खेलते हुए बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब भी जीता। उदयपुर की सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद प्रियांशी ने चैलेंजर ट्रॉफी सीनियर और अंडर-19 कैंप में भाग लिया। कल घोषित 16 सदस्यीय राजस्थान टीम में उदयपुर से एकमात्र खिलाड़ी प्रियांशी ही हैं। टीम का नेतृत्व हैप्पी कुमारी को दिया गया है। प्रियांशी वर्तमान में बी एन क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षक चंद्रपाल सिंह चुंडावत के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती हैं।

चिरायु जोशी युवा प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष नियुक्त

24 न्यूज अपडेट





उदयपुर, 4 अक्टूबर। मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल पालीवाल की अनुशंसा पर संभाग अध्यक्ष हेमंत जोशी ने चिरायु जोशी को शहर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया साथ जी जिलाध्यक्ष देवेंद्र बोयल ने कार्यकारिणी विस्तार करते हुए भुवनेश्वर श्रीमाली को जिला मंत्री नियुक्त किया ये जानकारी संभाग अध्यक्ष नंदलाल जोशी ने दी।

सेंट मेरीज़ के 1964 बैच के छात्रों का 60वां स्नेह मिलन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सेंट मेरीज़ स्कूल के 1964 बैच के विद्यार्थियों ने 60 वर्षों बाद अपना वार्षिक स्नेह मिलन आयोजित कर अपने स्वर्णिम विद्यार्थी युग की यादें ताजा कीं। कार्यक्रम एक निजी आवास में संपन्न हुआ। पूर्व छात्र विमल शर्मा ने बताया कि उस समय स्कूल में सह-शिक्षा 5वीं तक ही थी। उनके 60 साल पुराने 34 सहपाठी (16 लड़के और 18 लड़कियां) पिछले 15 वर्षों से नियमित रूप से मिलते आ रहे हैं और पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल होते हैं। यह पुनर्मिलन 60 साल पुराने क्लास फोटो के आधार पर और सोशल मीडिया (फेसबुक और व्हाट्सऐप) के माध्यम से संभव हुआ। कार्यक्रम में संध्या, भारती, मेहेंद्र, विमल और दिनेश ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा मेहमूद, बहारुन, नीता, नैंसी, मुक्ता, यूनुस, तसनीम, अनुपमा और गिल रॉय ने भी भाग लिया। इस अवसर पर विमल शर्मा ने सभी को अपनी लिखित कविता और फोटो कोलाज फ्रेम स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किए।

राणा पूंजा जयंती पर वनवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा का संकल्पः 11 चिकित्सा शिविरों का आयोजन कल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 4 अक्टूबर। राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा राणा पूंजा सेवा यात्रा, जयपुर के सहयोग से आगामी 5 अक्टूबर (रविवार) को राणा पूंजा जयंती के उपलक्ष्य में वनवासी क्षेत्रों में 11 निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों की तैयारियों को लेकर शनिवार को कल्याण आश्रम कार्यालय, सेक्टर-13, उदयपुर में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

चार जिलों में 11 टीमें गठित, अलग-अलग गाँवों में लगेंगे शिविर

परिषद के प्रांत चिकित्सा आयाम प्रमुख ने बताया कि उदयपुर, डूंगरपुर, सलूंबर और राजसमंद जिलों में कुल 11 स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए 11 चिकित्सा टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें अलग-अलग गाँवों की जिम्मेदारी दी गई है। शिविरों के संचालन और समन्वय के लिए शिविर प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। चिकित्सकों के लिए विशेष वाहन व्यवस्था बैठक में निर्णय लिया गया कि चिकित्सा दलों के आवागमन हेतु विशेष वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए प्रांत व्यवस्था प्रमुख श्री घेवरचंद जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सभी चिकित्सक समय पर निर्धारित स्थानों पर पहुँच सकें।

ग्रामीणों तक पहुँचे अधिकतम लाभ

प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुलमी ने निर्देश दिए कि शिविरों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित की जाए, ताकि अधिक से अधिक रोगी लाभान्वित हो सकें।

गंभीर रोगियों को मिलेगी रेफरल सुविधा

प्रांत संरक्षक गोपाललाल कुमावत ने बताया कि जिन रोगियों का उपचार शिविरों में संभव नहीं होगा, उन्हें उदयपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाएगा, ताकि उन्हें समय पर उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। बैठक में कुंज बिहारी, राजेश चौधरी, सोहनलाल शर्मा, रमेश सोनी, जगदीश प्रसाद जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।